**खबर संक्षेप**

### नेशनल स्पोट्स अवार्ड हेतु आवेदन की अंतिम तिथि 14 नवम्बर 2024

**मण्डला।** भारत सरकार युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय नई दिल्ली के द्वारा वर्ष 2024 के नेषनल स्पोर्ट्स अवार्ड (अर्जुन, द्रोणाचार्य, मेजर ध्यानचंद खेलरत्न एवं राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन पुरस्कार) के आवेदन आमंत्रित किए गए है। जिसकी अंतिम तिथि 14 नवम्बर 2024 है। भारत सरकार के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत करने के लिए डेडिकेटेट पोर्टल tbtyas-sports.gov.in पर आवेदन पत्र भेजने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए गए है। इच्छुक आवेदक अपना आवेदन दिशा-निर्देश में उल्लेखित आवष्यक अभिलेखों सहित कार्यालय जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी इण्डोर स्टेडियम मण्डला में दिनांक 08 नवम्बर 2024 तक जमा कर सकते है।

### बिछिया में खुले में माँस मछली विक्रय पर हुई चालानी कार्यवाही

**मण्डला।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने निर्देशानुसार एवं एसडीएम बिछिया सोलानी देव के मार्गदर्शन में बिछिया साप्ताहिक बाजार में खुले में मांस मछली विक्रय करने पर चालानी कार्यवाही की गई। साथ ही अग्नि सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सड़क किनारे से तिरपाल और तंबू को हटाया गया। राजस्व विभाग एवं नगर परिषद बिछिया की टीम द्वारा माँस मछली विक्रेताओं को समझाइश दी गई कि मांस मछली को खुले में काटकर विक्रय ना करें, ढक्कर रखें, साथ ही समस्त व्यापारी लाइसेंस बनवाएं और नियमों का पालन करें।

**रपटा घाट को महिष्मति घाट के नाम से जाना जायेगा**

# माँ नर्मदा जी में प्रारंभ होगी पंचचौकी महाआरती

*** आसपास की दुकानें होंगी व्यवस्थित।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने सोमवार को माहिष्मति घाट (रपटाघाट) का निरीक्षण किया। माहिष्मति घाट (रपटाघाट) में 12 नवंबर 2024 से माँ नर्मदा जी की पंचचौकी महाआरती प्रारंभ की जाएगी। पंचचौकी महाआरती में जिले के सभी जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, श्रद्धालु और मंदिर समितियों के प्रमुख शामिल होंगे। कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने माहिष्मति घाट (रपटाघाट) में पंचचौकी महाआरती के लिए चौक बनाने के निर्देश दिए। जिससे पंचचौकी महाआरती सुचारू रूप से संपन्न हो सके। उन्होंने माहिष्मति घाट (रपटाघाट) में साफ-सफाई और प्रकाश का प्रबंध करने को कहा। नर्मदा नदी के तट पर स्थित घास और काई की भी साफ-सफाई करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर नगर पालिका मंडला उपाध्यक्ष श्री अखिलेश कछवाहा, अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार सिंह, मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री गजानंद नाफड़े सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

### कलेक्टर ने गोलमेज सभाकक्ष में बैठक कर पंचचौकी महाआरती की समीक्षा की

कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने सोमवार को गोलमेज सभाकक्ष में बैठक आयोजित कर माहिष्मति घाट (रपटाघाट) में माँ नर्मदा जी की पंचचौकी महाआरती करने की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि समिति के द्वारा सर्वसहमति से पास किए गए प्रस्ताव अनुसार माहिष्मति घाट (रपटाघाट) में पंचचौकी महाआरती का शुभारंभ एकादशी से प्रारंभ की जाएगी। पंचचौकी महाआरती में जिले के सभी जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, श्रद्धालुओं और नागरिकों की सहभागिता जरूरी है। पंचचौकी महाआरती के लिए साउंड सिस्टम की व्यवस्था की जाएगी। आरती के लिए गानों का चयन किया जाएगा। स्क्रीन लगाई जाएगी, जिसमें संपूर्ण महाआरती प्रदर्शित होगी। पंचचौकी महाआरती का आयोजन करने के लिए पंडितों का समूह बनाकर उनकी वेशभूषा निर्धारित की जाएगी। आरती का सामान एवं प्रसाद की व्यवस्था ट्रस्ट के माध्यम से की जाएगी। कोई भी श्रद्धालु पंचचौकी महाआरती का आयोजन कर सकेगा। इसके लिए उससे विधिवत रूप से शुल्क लिया जाएगा। माहिष्मति घाट (रपटाघाट) से अतिक्रमण हटाकर दुकानें व्यवस्थित रूप से स्थापित की जाएगी। घाटों और मंदिरों का सौन्दर्यीकरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि महाआरती माहिष्मति घाट (रपटाघाट) में प्रतिदिन नियमित रूप से संपन्न की जाएगी। महाआरती का समय सर्दी के मौसम में सायंकाल 6:30 बजे और ग्रीष्मकाल में सायंकाल 7:30 बजे होगी। उन्होंने बताया कि किसी भी नागरिक के लिए विशेष अवसरों पर महाआरती का खर्चा उठाकर महाआरती कराने की सुविधा रहेगी। समिति के द्वारा खर्च की जा रही राशि का आय-व्यय ब्यौरा रखा जाएगा। कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने बताया कि पंचचौकी महाआरती के आयोजन के लिए ट्रस्ट का निर्माण किया जाएगा। नर्मदा नदी में नहाने वाले व्यक्ति व श्रद्धालुओं को साबुन का उपयोग न करने, कपड़े न धोने तथा पूजन व दूषित सामग्री विसर्जन न करने की समझाईश दी जाएगी। माहिष्मति घाट (रपटाघाट) में सुरक्षा, पार्किंग एवं प्रकाश का प्रबंध किया जाएगा। माहिष्मति घाट (रपटाघाट) में नाम परिवर्तन का बोर्ड लगाया जाएगा।






### सभी अधिकारी सीएम हेल्पलाईन और समाधान ऑनलाईन के प्रकरणों का निराकरण सर्वोच्च प्राथमिकता से करें



*** समय-सीमा एवं विभागीय समन्वय समिति की बैठक में कलेक्टर के निर्देश।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

समय-सीमा एवं विभागीय समन्वय समिति की बैठक में कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने निर्देशित किया कि सभी जिलाधिकारी सीएम हेल्पलाईन और समाधान ऑनलाइन के प्रकरणों को नियमित रूप से फॉलो करें। प्रत्येक प्रकरण का निर्धारित समयावधि में सकारात्मक निराकरण करना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, संयुक्त कलेक्टर अरविंद सिंह एवं जेपी यादव, डिप्टी कलेक्टर क्षमा सराफ, समस्त एसडीएम तथा सभी विभागों के जिलाधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि 50 से अधिक दिनों से लंबित प्रकरणों के निराकरण पर फोकस करें। राजस्व, जनपद पंचायत, स्वास्थ्य विभाग, खाद विभाग तथा नगरीय निकायों में लम्बित प्रकरणों की संख्या अधिक है, संबंधित अधिकारी प्रकरणों का निराकरण अपनी प्राथमिकताओं में शामिल करें। कलेक्टर ने निम्न गुणवत्ता एवं नॉन अटेंड शिकायतों की विस्तृत समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी को नोटिस जारी, सीएम हेल्पलाइन नोडल का एक दिन का वेतन काटने तथा प्रति शिकायतों पर 100 रूपए का जुर्माना लगाने के निर्देश दिए। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने सीपी ग्राम के प्रकरणों को भी प्राथमिकता के साथ निराकरण करें। बैठक में कलेक्टर ने कलेक्टर न्यायालय, उच्च न्यायालय में लंबित प्रकरण, मण्डला गौरव दिवस, आयुष्मान कार्ड, पीएम किसान सम्मान निधि, पीएम जनमन योजना, अंतर्विभागीय बिंदुओं, नर्मदा महा आरती, अनुकंपा नियुक्ति, लम्बित भूमि आवंटन, पीएम किसान के संबंध में विस्तार से समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए।



# संगठन पर्व की जिला स्तरीय कार्यशाला संपन्न

*** बूथ एवं मंडल के चुनाव को लेकर हुई विस्तृत चर्चा।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला




भारतीय जनता पार्टी की चल रहे हैं संगठन पर्व के तहत भाजपा जिला कार्यालय में जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई इस अवसर पर चुनाव संगठन प्रभारी श्रीमती प्रज्ञा त्रिपाठी ने संगठनात्मक विषयों को लेकर प्रदेश संगठन की कार्य योजना से कार्यकर्ताओं को अवगत कराते हुए कहा कि संगठन की लोकतांत्रिक व्यवस्था के तहत सभी स्तर के चुनाव संपन्न कराए जाएंगे जिसमें जिला स्तर पर तय किए गए चुनाव पदाधिकारियो की जिम्मेदारी महत्वपूर्ण होगी उन्होंने कहा संगठन के तय कार्यक्रम के तहत समय सीमा पर चुनाव संपन्न किए जाएंगे जिसमें सभी मंडलो में सक्रिय सदस्यता के लक्ष्य का कार्य पूर्ण किया जाए, इस अवसर पर सांसद फग्गनसिंह कुलस्ते केबिनेट मंत्री श्रीमती संपतिया उइके जिला अध्यक्ष भीष्म द्विवेदी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का चुनाव कार्यक्रम के हर चरण को हम उत्सव के रूप में रेखांकित करेंगे बूथ से लेकर जिला तक के चुनाव में प्रदेश संगठन की गाइड लाइन के तहत कार्य करेंगे, संगठन चुनाव को लेकर जिला संगठन द्वारा कार्यक्रम जारी किए जा रहे, उन्होंने कहा कि जिले के सभी कार्यकर्ता पदाधिकारियों जनप्रतिनिधियों ने संगठन पर्व में सदस्यता अभियान को प्रभावी रूप से पूरा किया सभी धन्यवाद के पात्र हैं। भाजपा मीडिया प्रभारी सुधीर कसार ने बताया कि बूथ चुनाव हेतु प्रभारी तय किए गए है इस अवसर भाजपा जिला महामंत्री व संगठन सह निर्वाचन अधिकारी उमेश ठाकुर, जिला महामंत्री भगवती श्रीधर,जिला पंचायत अध्यक्ष डॉक्टर संजय कुशराम, मंडला नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, सक्रिय सदस्यता जिला टोली सदस्य अंजनी तिवारी, नरेंद्र राजपूत, पूर्व जिलाध्यक्ष रतन ठाकुर सहित भाजपा जिला पदाधिकारी और मंडल अध्यक्ष सहित अपेक्षित पदाधिकारी उपस्थित रहे।



# बच्चों को बाल्यकाल से ही अच्छे संस्कार देना जरूरी-पं. संतोष शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

उपनगर महाराजपुर के रेल्वे स्टेशन के पास श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें पं.संतोष शास्त्री पदमी वाले द्वारा भगवान के विभिन्न चरित्रों की संगीतमयी कथा सुनाई जा रहीं है। आज यहां भगवान श्रीकृष्ण जन्म की कथा सुनाई जाएगी। वहीं सोमवार को पं. संतोष शास्त्री ने बताया कि कार्तिक माह में किए गए पुण्य कभी बेकार नहीं जाते बल्कि उन पुण्य कर्मों का कई गुना फल मिलता है। उन्होंने बताया कि कार्तिक माह में दीपदान जरूर करना चाहिए। शास्त्री जी ने आगे बताया कि भक्त प्रहलाद ने माता के गर्भ में ही नारायण नाम का मंत्र सुना था। जिसके सुनने मात्र से भक्त प्रहलाद के कई कष्ट दूर हो गए थे। उन्होंने कहा कि बच्चों को धर्म का ज्ञान बचपन में दिया जाता है, तो वह जीवन भर उसका ही स्मरण करता है। ऐसे में बच्चों को धर्म व आध्यात्म का ज्ञान दिया जाना चाहिए। माता-पिता की सेवा व प्रेम के साथ समाज में रहने की प्रेरणा ही धर्म का मूल है। अच्छे संस्कारों के कारण ही ध्रुव जी को पांच वर्ष की आयु में भगवान का दर्शन प्राप्त हो गए थे। इसके साथ ही उन्हें 36 हजार वर्ष तक राज्य भोगने का वरदान प्राप्त हुआ था। ऐसी कई मिसालें हैं, जिससे सीख लेने की जरूरत है। इस मौके पर शास्त्री जी ने भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति से जुड़े कई मनमोहक भजन प्रस्तुत किए, जिन पर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। कथा सुनने के लिए बड़ी संख्या में रोजाना श्रद्धालु यहां पहुंच रहे हैं।

## रोल प्रेक्षक 7 नवंबर को मंडला जिले में आयेंगे

**मण्डला।** आयुक्त जबलपुर संभाग श्री अभय वर्मा ने बताया कि एक नवंबर 2024 को गोवर्धन पूजा का सार्वजनिक अवकाश घोषित होने के कारण मंडला जिले में रोल प्रेक्षक का प्रथम भ्रमण कार्यक्रम 7 नवंबर 2024 को संपन्न होगा।

**दहशत** | **गाय को बनाया शिकार, वन विभाग का अमला सक्रिय।**

# बाघ की आहट से दहशत में बिछिया वासी

*** प्रशासन ने लोगों से सावधान रहने को कहा।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया



भुआबिछिया मण्डला बिछिया क्षेत्र में विगत तीन दिनों से बाघ की दहशत ने यहां के लोगो को रोमांचित करने के साथ-साथ भयभीत किया हुआ है, रहवासी ग्रामों में कही मवेशियों पर हमले की खबर है तो कही खेतों में देखा जा रहा है पुलिस प्रशासन और वन विभाग का अमला बाघ पर पूरी तरह से निगरानी में रखा हुआ है, बाघ की लोकेशन विगत रात्रि ढाई बजे बिछिया जलाशय कैनाल के ऊपर देखी गई तो वही शरारटोला में सुबह 4:00 बजे की करीब एक गाय पर हमला किया और 1:30 बजे दिन की डूंगरा गांव में देखा गया पुलिस प्रशासन फॉरेस्ट विभाग लगातार बाघ पर निगरानी बनाए हुए है और उसे बफर जोन क्षेत्र में पहुंचाने या फिर पकड़ने का प्रयास किया जा रहा है, विगत तीन दिनों में वार्ड नंबर 10 जंतीपुर वार्ड नंबर 6 भड़ंगा इसके बाद सरल टोला डूंगरा में बाघ की लोकेशन देखी गई, प्रशासन ने लोगो से सतर्क रहने की अपील की है कहा कि खेत खलियान जंगल जाते समय ध्यान रखें और सतर्क रहते हुए कार्य करें।

ज्ञात हो कि पिछले दिनों से बाघ की मौजूदगी इस क्षेत्र में लोगों के लिये न केवल समस्या बनी हुई है बल्कि प्रशासन के लिये भी चुनौति का काम कर रही है। जिस तरह कल बाघ द्वारा गाय को शिकार बनाया गया ऐसी घटना किसी ग्रामवासी के साथ भी घटित हो सकती है यदि ऐसा होता है तो यह दर्दनाक होगा यही कारण है कि प्रशासन एवं वन विभाग की टीम लगातार बाघ की लोकेशन देखकर उसकी गतिविधियों पर नजर रखने का प्रयास कर रही है।

प्रशासन के साथ-साथ लोगों का भी यह कर्तव्य होना चाहिये कि वे अनावश्यक अफवाह न फैलायें और न ही किसी तरह ऐसी हरकत करें जिससे कि बस्ती क्षेत्र में आया बाघ अनावश्यक प्रतिक्रिया जाहिर करे वन विभाग और प्रशासन के लोगों का सहयोग करते हुये बाघ को सुरक्षित बफर जोन में पहुंचाने मदद करें यही ठीक रहेगा।



## लोधी समाज धर्मशाला निर्माण कार्य हुआ शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

दिनांक 3/11/2024 रविवार को महाराजपुर संगम घाट मण्डला में लोधी समाज की धर्मशाला का निर्माण कार्य का शुभारंभ समाज के पदाधिकारियों के द्वारा किया गया। इंजिनियर गुनेद मसकरे नागपुर धनेश पटेल समाज सेवी पूर्व राष्ट्रीय संगठन सचिव अखिल भारतीय लोधी लोधा अधिकारी कर्मचारी संघ सुखदेव जघेला अध्यक्ष चिरौंजी लाल जघेला कोषाध्यक्ष, बालसिंह ठाकुर जिला अध्यक्ष आलोक संघ मण्डला, टीकाराम जंघेला उपाध्यक्ष आलोक संघ मण्डला, अरविंद सिंह (बंटी) ठाकुर पूर्व जिला अध्यक्ष लोधी समाज शिवकुमार जघेला सचिव लीलाराम जघेला क्षेत्रीय अध्यक्ष, शघसराम जघेला कार्यकारिणी सदस्य रोवेलाल जघेला सदस्य डीहाराम जघेला सदस्य विजय जघेला एडवोकेट शिवचरण जघेला सदस्य विजय जघेला एडवोकेट दिनेश ठाकुर सदस्य शिव जघेला सदस्य ठाकुर प्रसाद पटेल सदस्य कमला प्रसाद जघेला सदस्य रामजी जघेला सदस्य रेवाराम जघेला सदस्य दौलत जघेला सदस्य जेठूलाल जघेला सदस्य बलराम जघेला सदस्य दीना जघेला सदस्य एवं समाज के सभी पदाधिकारी सामील हुये अतः सभी सामाजिक बंधुओ से अनुरोध है कि तन मन धन से सहयोग कर भवन निर्माण कार्य में अपनी अपनी भागीदारी देवें।

**//सफाई कर्मी भर्ती विज्ञापन//**

एतद द्वारा सर्व को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सामान्य प्रशासन समिति पडरिया उर्फ नारायणगंज बैठक दिनांक 29/10/2024 पारित आदेश क्र. 06 के अनुसार 02 सफाई कर्मियों की भर्ती दैनिक मजदूरी दर के अनुसार किया जाना है।

कृपया इच्छुक सफाईकर्मी जारी दिनाँक 4/11/2024 से 11/11/2024 तक लिखित आवेदन 50 रूपये स्टाम्प पेपर के साथ कार्यालयीन समय पर जमा करना अनिवार्य होगा। नियत समय के पश्चात आवेदनों पर विचार नही की जावेगा।

सचिव
ग्राम पंचायत पड़रिया
जन. पंचा. नारायणगंज

सरपंच
ग्राम पंचायत पड़रिया
जन. पंचा. नारायणगंज

## खबर संक्षेप

### पीएमश्री कन्या नवीन की छात्राओं ने दी मनमोहक प्रस्तुति



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** नगर के रूद्र कॉलेज मैदान पर शुरू हुई 68 वी भी राज्य स्तरीय शालेय कब्बडी प्रतियोगिता के उदघाटन कार्यक्रम मे प्राचार्य श्रीमती आरती पाठक एवं मार्गदर्शी शिक्षक श्रीमती श्वेता सेन के कुशल निर्देशन में शहर के पीएमश्री शासकीय कन्या नवीन उ मा विद्यालय की छात्राओं द्वारा गणेश वंदना, सरस्वती वंदना एवं मप्र लोक नृत्य की शानदार प्रस्तुति आकर्षण का केंन्द्र रही। इस प्रस्तुति मे अनामिका जाटव, हिमानी जाटव, सीता जाटव, अंजलि जाटव, प्रगति ठाकुर, पारुल ठाकुर, राजनंदिनी चौधरी, सोनम कौरव, सरिता कहार, अंशिका कुर्मी, निर्मला धानक, शिबानी अहिरवार आदि की सहभागिता रही।

### बाईक रैली के माध्यम से न्यायोत्सवः विधिक सेवा सप्ताह का हुआ शुभारंभ

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर म प्र के आदेशानुसार 9 नवंबर को विधिक सेवा दिवस के उपलक्ष्य में 4 नवंबर से 9 नवंबर तक न्यायोत्सवः विधिक सेवा सप्ताह मनाने हेतु तहसील स्तर पर प्रशासन एवं पुलिस विभाग के सहयोग से विधिक सेवा जागरूकता बाईक रैली के माध्यम से न्यायोत्सवः विधिक सेवा सप्ताह कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यक तहसील विधिक सेवा समिति गाडरवारा मा.मनीष कुमार श्रीवास्तव प्रथम जिला न्यायाधीश गाडरवारा एवं अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष डा. दिनेश चंद्र बुधौलिया द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। बताया जाता है कि इस बाईक रैली को न्यायालय परिसर गाडरवारा से हरी झंडी दिखाकर नगर के मुख्य मार्गो से समस्त पुलिस विभाग, पैनल अधिवक्ता गण, मध्यस्थ अधिवक्तागण, न्यायालीयन कर्मचारीगण एवं पैरालीगल वायिन्टियर्स टीम द्वारा नगर की सड़को से भ्रमण कर विधिक सहायता से संबंधित योजनाओं का प्रचार प्रसार किया गया। बाईक रैली का समापन न्यायालय परिसर में वापिस आकर हुआ। वही बाईक रैली में अधिवक्ता संघ के सचिव बसंत तपा, राजेंद्र सिंह, महेन्द्र त्रिपाठी, अहमद खां, रमाकांत पाराशर, हुसैन रफीक, अभिषेक गुप्ता, अनिल शर्मा, शरद शर्मा, सतेन्द्र शर्मा के आलावा पुलिस विभाग से निरीक्षक उमेश तिवारी, प्रधान आरक्षक भास्कर पटैल, धनीराम, वरिष्ठ आरक्षक रूपेन्द्र चौबे, राकेश झा, आरक्षक कुलदीप, देवेन्द्र, बाल किशन, शुभम कौरव, वीरेन्द्र श्रीवास्तव नायाब नाजिर, पैरालीगल वायिलिन्टियर शेख रहीम, संतोष चौरसिया, सदन सोनी, रामकृष्ण राजपूत, शशिकांत कौरव, अखिलेश सोनी सहित अन्य लोग शामिल थें।

### पिता द्वारा लगाएं पेड़ों से तैयार की गई लकडी को पुत्र ने शमशान घाट के लिये की समर्पित

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** समाज सेवा का काम करते हुये तो अनेक लोगों को देखा जाता है जो अखबारों की सुर्खिया बनने के लिये दो रूपया के फल को आधा दर्जन लोग पकड़कर मरीजों को फल वितरण का नाम देने से नही चूकते है। मगर सही मायने में लोगों को जिस वस्तु समय पर जरूरत महसूस की जाती है उस तरह की सामग्री वितरण करते हुये बहुत ही कम लोगों को देखा जाता है। क्योंकि नगर के शमशान घाट पर जब किसी गरीब या फिर अनजान व्यक्ति की मौत होती है और वह अपना अंतिम संस्कार करने के लिये शमशान घाट पहुंचता है तो वहां पर सबसे जरूरी लकड़ी की आवश्यकता महसूस की जाती है। इसकी पूर्ति नगर पालिका के द्वारा तो की जाती है। मगर कभी कभी कमी देखने मिली है। इसी बात को ध्यान में रखते हुये नगर के समाजसेवी संगठन श्री साईं श्रद्धा सेवा समिति के संरक्षक सदस्य रहे स्वर्गीय अशोक राय की स्मृति में शमशान घाट में अंत्येष्टि हेतु नगर पालिका लकड़ी कोष में करीब 8 से 10 क्विंटल लकड़ी उनके पुत्र द्वारा भेंट की गई।

# शासकीय चिकित्सालय क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे अतिक्रमण

## प्रशासन द्वारा किया जा रहा है नजर अंदाज







**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**

नगर ही नही बल्कि गाडरवारा तहसील की सबसे बड़ा शासकीय चिकित्सालय इस समय अनेक प्रकार की समस्याओं से जूझना आम बात बन चुकी है। जिसमें प्रमुख रूप से देखा जावे तो नगर के शासकीय चिकित्सालय क्षेत्र में जिस तरह से अतिक्रमण का जाल फैला हुआ है उसके चलते यहां पर भर्ती रहने वाले मरीजों के साथ साथ चिकित्सालय को आने जाने वाली महिलाओं की सुरक्षा चिंता जनक स्थिति में दिखाई देने से नही चूक पा रही है? बताया जाता है कि यहां पर भर्ती रहने वाली मरीज जहां अपने आपकों को असुरक्षित महसूस करते हुये देखे जा रहे है। कुछ इसी प्रकार का हाल चिकित्सालय में आने जाने वाली आम महिलाओं का भी देखने मिल रहा है। क्योंकि शासकीय चिकित्सालय परिसर के ठीक सामने यानि की मुख्य मार्ग पर जिस तरह अतिक्रमण हो रहा है उसके चलते चिकित्सालय की सुरक्षा को तो ग्रहण लग ही रहा है साथ ही साथ यातायात व्यवस्था में भी बाधा पहुंचने से नही चूक पा रही है। चिकित्सालय के सामने मुख्य मार्ग के किनारे खाली पड़ी हुई सरकारी शासकीय भूमि पर इस समय लोगो द्वारा रातो रात अतिक्रमण करते हुये उस पर अपना कब्जा जमाने में कोई कसर नही छोड़ी जा रही है। कहने के लिये तो एक वर्ष पहले शासन द्वारा यहां पर अतिक्रमण हटाते हुये तारबाड़ी लगा दी गई थी। मगर हैरत की बात है कि प्रासनकी अनदेखी के चलते अतिक्रमणकारियों द्वारा उस तार बाड़ी को तोड़कर पुनः अतिक्रमण करते हुये अपना कब्जा जमा लिया गया। कुछ इसी प्रकार का हाल नगर के रिलायंस पेट्रोल पंप तथा पानी टंकी के पास भी देखा जा रहा है जहां पर हुआ अतिक्रमण पूर्णरूप से किसी बड़ी घटनाओं को आमंत्रण देते हुये दिखाई दे रहा है? मगर इसके बाद भी प्रशासन द्वारा इस सच्चाई को लेकर जिस प्रकार से चुप्पी साधी जा रही है उसके चलते यहां की चिंता जनक स्थिति बनने से नही चूक रही है। नगर के शासकीय चिकित्सालय के चारों ओर फैल रहे अतिक्रमण के चलते यह हाल बन चुका है कि मरीजों का चिकित्सालय के अंदर प्रवेश कर पाना मुश्किल होने लगा है। वही दूसरी ओर अनेक प्रकार की दुकानों के बाद यहां पर देर रात तक यहां पर जहां जाम झलकते हुये भी दिखाई देने लगे है? जिसका परिणाम है कि देर रात तक चिकित्सालय क्षेत्र में मनचलों का जमावड़ा लगा रहने की स्थिति में शासकीय चिकित्सालय में भर्ती रहने वाली महिला मरीजों सहित अन्य मरीज अपने आपको पूर्णरूप से असुरक्षित महसूस करने के साथ साथ दहशत में दिखाई देने लगे है? यहां की सच्चाई पर यदि गौर किया जावे तो अतिक्रमण कारियों को प्रभावशाली लोगों के साथ साथ जिस तरह से प्रशासन का पूरा संरक्षण प्राप्त होने की सच्चाई इस बात से उजागर होते हुये जान पड़ रही है कि अतिक्रमणकारियों को बिजली व नल कनेक्शन मिल रहे है। वह निश्चित नियम के विपरित माने जाते है? जबकि नियम के अनुसार देखा जावे तो यदि किसी आम नागरिक को नपा से नल कनेक्शन व बिजली विभाग से बिजली कनेक्शन लेना होता है तो अनेक प्रकार से उसे अपने आवास या जमीन संबंधी दस्तावेज पेश करना पड़ते है जब कही मुश्किल से बिजली तथा नल कनेक्शन मिल पाता है। मगर यहां पर अतिक्रमण कारियों की दुकानों से लेकर टपरों में बिजली मीटर सहित नल लगे हुये देखे जा रहे है वह निश्चित ही इस बात की सच्चाई उजागर करने से नही चूक पा रही है कि नपा व बिजली विभाग द्वारा सभी निमयों को दर किनार करते हुये इन्हे कनेक्शन देने में कोई कसर नही छोड़ी गई होगी? यदि इन विभागों द्वारा अतिक्रमण कारियों को इन जरूरी सुविधाओं से बंचित रखा जाता तो निश्चित तौर से अधिक्रमण पर काफी हद तक अंकुश लग सकता था। मगर इन शासकीय संस्थाओं द्वारा अतिक्रमणकारियों को जरूरी सुविधाओं के लिये सहूलियत प्रदान की जा रही है उससे यह विभाग भी अतिक्रमण करने वालों के लिये संरक्षण की मुद्रा में दिखाई देने से नही चूक रहे है? इस प्रकार से शासकीय चिकित्सालय के सामने खाली पड़ी हुई भूमि के आलवा चिकित्सालय परिसर में लगातार फैल रही अधिक्रमण के चलते जहां चिकित्सालय के मरीजों को तो परेशानियों का सामना करना ही पड़ रहा है साथ ही साथ यहां पर यातायात व्यवस्था भी प्रभावित होने से नही चूक पा रही है। क्योंकि शासकीय चिकित्सालय के सामना वाला मार्ग नगर का प्रमुख मार्ग माना जाता है। इस स्थिति में इस मार्ग से दिन भर जहां स्कूली छात्र छात्राओं का आना जाना लगा रहता है। वही दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले किसानों के ट्रेक्टर ट्राली भी कृषि मंडी के लिये इसी मार्ग से निकलते है। इस स्थिति में यह अतिक्रमण हर वर्ग के लोगों के लिये परेशानी का कारण बनने लगा है। गौर किया जावे तो सबसे अधिक परेशानी महिला मरीजों को होते हुये देखी जाती है। क्योंकि अतिक्रमण करते हुये बनी हुई दुकानों पर सड़क छाप मजनुओं द्वारा खड़े रहते हुये चिकित्सालय जाने वाली महिला मरीजों सहित मार्ग से निकलने वाली महिलाओं के साथ छीटाकशी का अड्डा बन चुका है? जबकि यहां पर फैल हुये अतिक्रमण को हटाने की बात को लेकर तत्कालीन चिकित्सालय प्रभारी द्वारा भी अनुविभागीय अधिकारी से लेकर नगर पालिका प्रशासन को बीते हुये कुछ वर्ष पहले यानि की 28 दिसम्बर 2018 को स्मरण पत्र देते हुये अतिक्रमण हटाने की मांग की जा चुकी है। मगर इसके बाद भी इस बात को आज इस बात को लम्बा समय बीत जाने के बाद भी यहां का अतिक्रमण नही हट पाना निश्चित ही चर्चा का विषय बनने के साथ साथ अतिक्रमण कारियों के हौसले बुलंद करते हुये जान पड़ रहा है?



# धान की प्याली जलाने से फैल रही प्रदूषण जिला कलेक्टर का आदेश हो रहा बेअसर

**हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।**

अक्सर देखा जाता है कि किसानों द्वारा अपने खेतों से फसल काटने के उपरांत शेष रहे फसल डंठल यानि की प्याली में आग लगा दी जाती है जिसके चलते पर्यावरण को क्षति पहुंचने के साथ साथ खेतों में फैसल को पोषक बनाने की क्षमता भी समाप्त होती है। इसी बात को ध्यान में रखते हुये जिला कलेक्टर द्वारा इस समय नरसिंहपुर जिले के अंतर्गत आने वाली सीमा में इस तरह प्याली जलाने पर प्रतिबंध लगाया गया है। मगर हैरत की बात है कि जिला कलेक्टर द्वारा जारी किया गया आदेश जहां बेअसर साबित होते हुये जान पड़ रहा है। वही दूसरी ओर स्थानीय स्तर के अधिकारियों की अनदेखी के चलते लगातार लोगों द्वारा प्याली को आग के हबाले किये जाने के चलते प्रदूषण फैल रहा है तो दूसरी ओर इन खेतों के आसपास जिन किसानों की गन्ना फसल लगी हुई है उन्हें चिंता में देखा जा रहा है। अब सबाल यह पैदा हो रहा है कि कुछ दिनों पहले जिला कलेक्टर द्वारा इस तरह फसल के डंठल प्याली जलाने पर प्रतिबंध आदेश जारी करते हुये स्थानीय स्तर के अधिकारियों से लेकर पंचायतों के सचिव को आदेश दिये गये थें कि यदि इस आदेश के बाद भी किसी के द्वारा यह कार्य किया जाता है तो उसके खिलाफ कार्यवाही की जावे। मगर अधिकारियों से लेकर पंचायतों द्वारा इस सच्चाई को जिस तरह नजर अंदाज किया जा रहा है उससे यह प्रतीत होने से नही चूक रहा है कि मानों जिला कलेक्टर का आदेश इन अधिकारियों के लिये कोई महत्व ही नही रखता है..?

# नगर के पुराने कालेज खेल मैदान पर 68वी राज्य स्तरीय शालेय कब्बडी प्रतियोगिता जारी, अनेक संभागों से आई हुई बालक/बालिका वर्ग 17 आयु वर्ष की टीमे कर रही हैं सहभागिता





**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**

नगर के लिये बडे ही गौरव के बात है कि इस तरह राज्य से लेकर राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिये म.प्र. शासन द्वारा गाडरवारा की भूमि का चुना गया है जिसके चलते जहां नगरवासियों में उत्साह देखने मिल रहा है तो दूसरी ओर इस आयोजन के चलते गाडरवारा का नाम देश के नक्से में अपनी अलग ही पहचान बनाने में सफल होने से नही चूक पायेगा..? इसी के चलते इस दिनों नगर मे 68 वीं राज्य स्तरीय शालेय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन स्थानीय रूद्र कॉलेज मैदान मे जारी है । उल्लेखनीय है कि 6 नवंबर तक आयोजित होने वाली 17 वर्षीय बालक/ बालिका आयु वर्ग की इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता मे जनजातीय कार्य विभाग, भोपाल, नर्मदापुरम, उज्जैन, इंदौर, ग्वालियर, रीवा, सागर व जबलपुर संभाग के खिलाड़ी और ऑफीशियल्स भाग लें रहे हे। इस आयोजन के चलते बीते सोमवार को प्रतियोगिता के दूसरे दिन सुबह से देर शाम तक बालक एवं बालिका आयु वर्ग मे विभिन्न संभागों के मध्य अनेक मैच खेले गए जिनमे छात्र छात्राओ ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए अपनी टीमों को मैच जिताया। दूसरे दिन खेले गए मेचों के पूर्व समाज के विभिन्न वर्गों, भाजपा नेताओं, रोटरी क्लब, कदम संस्था,जैन महिला मंडल, सहित साहित्यकार कुशलेन्द्र श्रीवास्तव, पत्रकार कमल ठाकुर, लालसाहब कौरव, पवन प्रतवानी एवं अनेक गणमान्य नागरिकों ने उपस्थित होकर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मेचों का आनंद लिया। दूसरे दिन संपन्न हुए मेचों मे बालक वर्ग मे रीवा संभाग ने जबलपुर को तो जनजातीय कार्य विभाग ने जबलपुर तथा इंदौर ने ग्वालियर संभाग को एवं उज्जैन ने नर्मदापुरम संभाग को तथा रीवा ने जबलपुर संभाग की टीम को तो उज्जैन ने सागर संभाग को एवं इंदौर ने नर्मदापुरम संभाग को एवं रीवा ने शहडोल संभाग को हराया। इसी प्रकार बालिका वर्ग के अंतर्गत खेले गए मैचो मे रीवा संभाग की टीम ने शहडोल को, इंदौर ने सागर संभाग को, भोपाल ने ग्वालियर संभाग को तो जबलपुर ने उज्जैन संभाग को व सागर ने नर्मदापुरम को एवं रीवा ने इंदौर संभाग को तथा जबलपुर ने जनजातीय कार्य विभाग को वही शहडोल संभाग ने इंदौर को हराया जबकि उज्जैन एवं भोपाल के मध्य खेला गया मैच स्कोर 19-19 से ड्रा रहा। उल्लेखनीय है कि जिला शिक्षा अधिकारी अनिल ब्योहार ने उपस्थित होकर प्रतियोगिता आयोजन से जुडी व्यवस्थाओ का अवलोकन कर जरुरी दिशा निर्देश दिए। प्रतियोगिता के मेचों मे कामेंट्री शिक्षको राजेश गुप्ता एवं सुनील सोनी द्वारा की गईं जबकि रेफरी की भूमिका देवेश वैध ,इमाम खान, उमाशंकर छिरा सहित अन्य ने निभाई। इसके अलावा प्रतियोगिता की व्यवस्थाओ मे बीईओ प्रतुल इंदुरख्या, प्राचार्य आरती पाठक, सुनीता पटैल, एस के मिश्रा, जयमोहन शर्मा, सुशील शर्मा, सतीश नाईक, संजय सोनी, आनंद चौकसे, विनय शंकर शर्मा, प्रसन्न खत्री बीआरसी संदीप स्थापक, मनीष कटारे, नागेंद्र त्रिपाठी, मधु सूदन पटैल, मनीष शंकर तिवारी, अर्चना तिवारी, सिराज अहमद सिद्धिकी, राजेंद्र गुप्ता, धनीराम मेहरा, योगेश सोनी, वीरेंद्र चौरसिया, के के राजोरिया, पवन राजोरिया, राजेश दुबे, अर्पणा ब्राउन, अनुज जैन, मुकेश पटैल, अजय सोनी, आदित्य द्विवेदी, आरिज खान, अमित पटैल, सुरेन्द्र पटैल, रोहित बाल्मीक, प्रदीप जाटव सहित अन्य का सहयोग मिल रहा है।

# टुल्लू पंप कम कर रहे जल का प्रवाह गरीबों के नलों से निकल रही हवा?



**हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।**

प्रकृति के साथ हो रही खिलबाड़ के चलते लगातार गिरते हुए जलस्तर से जहां लोगो को पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा है,वही लोगों के घर ही जल व्यवस्था सार्वजानिक नलो पर ही आश्रित होती जा रही है? नगर में नपा. द्वारा संचालित जल वितरण व्यवस्था को नगरवासियो द्वारा टुल्लू पंपो का प्रयोग कर नलो के जल प्रवाह को कम कर रहे है? वही दूसरी ओर टुल्लू पम्प के प्रयोग से दूसरों के हिस्से का पानी भी छीन लेते है। इस तरह लगातार गिरते हुये जल स्तर के कारण नगर के अनेक क्षेत्रो में जल संकट की स्थिति निर्मित होने लगी है? नगर में अधिकतर लोगो के यहां जल आपूर्ति नपा की शासकीय नलो की माध्यम से होती है, परंतु बिना मशक्कत के ज्यादा पानी प्राप्त करने के लालच के कारण नागरिको द्वारा खुलेआम घर के बाहर नलो पर टुल्लू पंपो का प्रयोग किया जा रहा है, जिसके कारण नगर की जल आवंटन व्यवस्था पूरी तरह गड़बड़ाती हुई नजर आ रही है? जिस वक्त नल आते है उसी समय नगर में घूमकर देखा जाये तो पता चल जायेगा कि सैकड़ो की तादाद में नलो से जुड़े हुये टुल्लू पंप दुसरो के हिस्से के पानी पर किस तरह डाका डाल रहे है। नगर के गरीब तबके लोगो के घर की जल व्यवस्था सार्वजानिक नलो पर आश्रित रहते है। स्वाभाविक रूप से इस मौसम में लोगों को पानी अधिक खर्च होता है पानी की जितनी आवश्यकता अमीर एवं मध्यम वर्ग को होती है उतनी ही दरकार गरीबो को भी होती है। परंतु उंचे तबके के लोग अपनी धौंस और पहुंच के बल पर अपने नलो में टूल्लू पम्पो का प्रयोग कर करते है। नलो में क्यो रहता है कम प्रवाह-नगर के ढलान वार्डो में रह रहे वाशिंदो को तो पानी मिल रहा है किन्तु वे लोग जिनके घर उंचाई पर है वहां पानी जरूरत के हिसाब से पहुंच नही रहा है जहां पर नलो से निकलने वाले पानी का प्रवाह ही कम है। दूसरी रही सही कसर जल वितरण व्यवस्था में टुल्लू पंपो का हस्ताक्षेप पूरी कर देता है, जिससे कई नल केवल हवा उगालते हुए नजर आते है? दूसरो के हिस्से में डांका-टुल्लू पंपो के प्रयोग से सार्वजानिक नलो में जल प्रवाह या तो कम हो जाता है या फिर दुसरी तरफ अवरूद्ध हो जाता है,जिससे दूसरो के हिस्सो के पानी से भी अपने हिस्सो में ले लेते है और वे अपने घरो के सामने सड़क या ऑगन में पानी सींचकर पानी व्यर्थ बहता हुआ नजर आता है।



### भगवान सहस्त्रबाहु जन्मोत्सव समारोह मनाया जायेगा 10 नवम्बर को

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी जिला कलचुरी कलार समाज, के आयोजन एवं कलचुरी कलार समाज गाडरवारा के संयोजन में भगवान श्री सहस्त्रबाहु जी की जन्मोत्सव 10 नवम्बर को भव्य रूप से स्थानीय सुखदेव भवन में मनाया जायेगा। बताया जाता है कि इस आयोजन में प्रदेश के सामाजिक संत, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी एवं जिले के समस्त तहसील, नगर एवं ग्राम के कल्चुरीजन उपस्थित होगे। साथ ही जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह भी आयोजित किये जाने की तैयारिया की जा रही है। बताया जाता है कि विद्यार्थी वर्ष 23-24 में कक्षा 10वीं और 12वीं में 80+ प्रतिशत अंक प्राप्त हुए हो वह अपनी अंक सूची जिला युवा कल्चुरी कलार समाज के जिलाध्यक्ष आशीष राय, नरेन्द्र महाराज सिंह राय, अखिलेश राय (युवा मंडल संरक्षक) को सिर्फ नरसिंहपुर जिले के निवासरत विद्यार्थी अपनी अंकसूची व पता संबंधि दस्तावेज जमा करने की अपेक्षा जताई गई है।

### कौड़िया शमशान घाट क्षेत्र बना आसामजिक तत्वों का अड्डा

**हरिभूमि न्यूज/कौड़िया।** जहां शासन द्वारा क्षेत्र में शांति व्यवसथा कायम रखने के लिए सभी पुलिस अधिकारियों को सख्त आदेश जारी करते हुए लगातार गस्त करने के आदेश दिये गये है। मगर इसके बाद भी देखा जा रहा है कि पुलिस की गस्त व्यवसथा दुरूस्त न होने का परिणाम है कि ग्राम कौड़यिा का शमशान घाट क्षेत्र में शाम होते ही आसामजिक तत्वों का अड्डा बन जाता है। जिसके चलते इस क्षेत्र में जहां देर रात तक शराबियों का बोलबाला रहता है? वही यहां पर अनेक रंगीन मिजाज के लोगों के एकत्र होने के कारण अनेक प्रकार के अश्लील दृश्य भी देखने मिल रहे है?









## खबर संक्षेप

### फाईनेंस कपंनी के कार्यालय से कम्प्यूटर सहित अन्य सामग्री चोरी

**डिण्डौरी**– कोतवाली थाना अंतर्गत नगर के कलेक्ट्रेट तिराहा के पास संचालित मां रेवा फायनेंस कंपनी के कार्यालय से अज्ञात चोर ने दरवाजा का ताला तोडकर कम्प्यूटर सहित अन्य सामग्री की चोरी की बारदात को अंजाम दिया है। सोमवार को कंपनी के सेल्समेन ने पुलिस थाना में लिखित षिकायत करते हुए बतलाया कि दीपावली के त्यौहार में कंपनी के सभी कर्मचारी छुट्टी में चले गये थे और कार्यालय में ताला लगा दिये थे । सोमवार सुबह जब वापस आकर देखें तो दरवाजा का ताला टूटा हुआ था । आफिस के अंदर देखने पर पता चला कि मॉनीटर , सीपीयू, की बोर्ड, सहित अन्य कम्प्यूटर से सबंधित सामग्री गायब थी और अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है।

### आगजनी से दुकान में एक लाख का सामान जलकर खाक

**अनूपपुर**। संजय ठाकुर पिता के.पी. ठाकुर उम्र 61 वर्ष निवासी वार्ड नं. 12 अनूपपुर अपने भाई मुकेश ठाकुर के साथ थाने मे रिपोर्ट लिखाया कि मेरी रेल्वे कालोनी के पास होटल माँ वैष्णव के नीचे स्थित मोमाई गिफ्ट सेन्टर की दुकान है। दीपावली त्यौहार होने से दुकान 31 अक्टूबर को रात्रि करीब 9.30 बंद कर अपने घर आ गये थे। 2 नवंबर को रात्रि करीबन 11.00 बजे जब मै घर में था तब अरुण मिस्त्री निवासी अनूपपुर मेरे घर मे जाकर बताया कि आग लगी है व धुंआ निकल रहा है तो रात को मै व मेरे भाई मुकेश, तरुण, दीपक व विजय ताम्रकार हम सब मेरी दुकान का ताला खोलकर शटर उठाकर देखा तो काफी आग फैल चुकी थी तब होटल माँ वेष्णव में लगे फायर हाइट्रेन्ड के द्वारा आग को बुझाये। आग लगने से मेरी दुकान का अन्दर रखे आइस्क्रीम फ्रिजर, आइसक्रीम चाकलेट फ्रीजर एवं गिफ्ट सामान जल कर नुकसान हो गये है। आग लगने से मेरे दुकान के अंदर रखे सामान कीमती करीब 1 लाख रुपये का रहा होगा। फरियादी की रिपोर्ट पर कोतवाली अनूपपुर के सहायक उपनिरीक्षक संतोष पाण्डेय ने आगजनी क्रमांक 17/24 दर्ज करते हुये जांच में लिया गया।

### अमगवां में राजस्व एवं जन कल्याण शिविर कल

**अनूपपुर**। जिला प्रशासन द्वारा तहसील जैतहरी के ग्राम पंचायत अमगवां में बुधवार 06 नवम्बर 2024 को ग्राम पंचायत परिसर में राजस्व सहित जन समस्याओं के निवारण के लिए शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में ग्राम पंचायत अमगवां सहित नगरीय निकाय जैतहरी तथा ग्राम पंचायत बैहार, गौरेला, पगना, झाईंताल, गोबरी, खोलाड़ी, सिवनी, लहरपुर, पचौहा, टकहुली, मौहरी, महुदा, क्योंटार के नागरिकगण लाभान्वित हो सकेंगे। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने तहसीलदार जैतहरी व जनपद पंचायत जैतहरी के सीईओ एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी जैतहरी को शिविर के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने शिविर में जन समस्या रजिस्टर एवं राजस्व प्रकरण रजिस्टर संधारित करते हुए प्रकरणों के निराकरण की कार्यवाही सुनिश्चित करने को कहा है। शिविर में नामांतरण, बंटवारा, राजस्व संबंधी लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा। संबंधित ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकाय के नागरिकगणों से राजस्व एवं जन कल्याण शिविर का लाभ उठाने की अपील की गई है।


### मेगा जॉब फेयर के आयोजन के लिए लगाई गई ड्यूटी

**अनूपपुर**। प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेन्टिसशिप मेला/मेगा जॉब फेयर का आयोजन शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अनूपपुर में 11 नवम्बर को प्रातः 10 बजे से किया जाएगा। मेले में जिले के बेरोजगार युवाओं को उनकी योग्यता के आधार पर देश एवं प्रदेश के प्रतिष्ठित निजी कम्पनियों में नियोजन किया जाएगा। उक्त मेगा जॉब फेयर के आयोजन हेतु कलेक्टर हर्षल पंचोली ने जिला स्तर पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है।

### तिहरे हत्याकांड के बाद अब ग्रामीणों ने गांव में आमसभा लगाया

# हत्या कांड के बाद गांव में शाम ढलते ही छा जाता है सन्नाटा

डिंडोरी





पुलिस थाना गाडासरई अंतर्गत मानिकपुर के लालपुर में दिवाली की शाम जमीनी विवाद में हुए तिहरे हत्याकांड के बाद अब ग्रामीणों ने गांव में आमसभा लगाया है! ग्रामीणों का कहना है की, हत्यारो को गांव से बाहर निकाला जाये और उनकी जमीन को सरकारी कर दिया जाये, इसके अलावा जो विवादित जमीन है उसे मृतक पक्ष को दे दिया जाये। वहीं जमीनी विवाद में पिता को खोने वाली शिवराज की बेटी कुसुमलता का रो-रो कर बुरा हाल है, वो कह रही हमारी पढ़ाई का खर्चा कौन उठाएगा.? अब उसे अपने छोटे भाई-बहन और खुदकी चिंता सता रही है की आगे का भविष्य उनका कैसे संवरेगा, मृतक शिवराज की बेटी मांग कर रही है की उनके पिता की हत्या करने वाले सभी हत्यारों को फांसी की सजा दी जाये,अगर नहीं देते तो हमें दे दें फांसी।दरअसल लालपुर गांव में दिल दहला देने वाली तिहरे हत्याकांड ने सबको झंकझोर कर रख दिया है, जमीनी विवाद में पिता समेत दो पुत्रों की हत्या के बाद ग्रामीणों में आक्रोश है, बहरहाल पुलिस ने सात लोगों के खिलाफ हत्या सहित अन्य धाराओं के तहत मामला पंजीबद्ध करते हुए अभी तक 4 लोगो को हिरासत में ले लिया है बाकी 3 लोग अभी भी फरार बताए जा रहे है जिनकी पुलिस सरगर्मी से तलाश कर रही है। जिनकी पतासाजी के लिए टीम गठित की गई है साथ ही आसपास के इलाके सहित जंगल में ड्रोन कैमरा से तलाषी की जा रही है। मृतक परिवार की भागा बाई मरावी के अनुसार जमीन का विवाद काफी पुराना हैं लगभग 22 एकड़ की जमीन को लेकर विवाद चल रहा था और इसी बात को लेकर विगत गुरुवार के दिन विवाद में एक ही परिवार के तीन लोगों की बेरहमी से हत्या कर दी गई जबकि एक गंभीर रूप से घायल हैं।

#### फसल कटाई को लेकर उपजा विवाद

मृतक धर्म सिंह मरावी की धर्मपत्नी भागा बाई मरावी ने जानकारी देते बताया कि इस बार सात एकड़ की खेत में उसके पति और बेटों ने फसल लगाई थी लेकिन विवाद वाले दिन आरोपी पक्ष के लोगों द्वारा इनके द्वारा लगाई गई धान की तैयार फसल को काटा जा रहा था, गौरतलब हैं कि फसल काटने से मना करने पर यह विवाद उपजा और तीन लोगों की जान चली गई अब न आरोपी पक्ष काट पा रहा हैं और न ही मृतक पक्ष के परिजन । भागा बाई के अनुसार जितना हिस्सा आरोपी पक्ष ने काटा था उसमें से लगभग धान के पच्चीस बोझा वह ले गये हैं जबकि शेष काटी गई फसल अभी भी खेत में ही पड़ी हुई है साथ ही इससे सटकर आधे खेत की फसल पककर तैयार है। उल्लेखनीय हैं कि यदि जल्द ही खेत की तैयार फसल को नहीं काटा गया तो फसल चैपट हो जायेगी । वही मृतक षिवराज मरावी की पत्नि मेला बाई ने बताया कि गुरूवार की शाम खेत में विवाद होने लगा तो मेरे दिवंगत पति षिवराज मरावी यह कहकर निकले थे कि मै वीडियो बनाकर अभी आता हूॅ मैने साथ चलने की इच्छा जाहिर की तो उन्होने दरवाजे पर रास्ता रोककर कहा कि जब तक मै न आ जाऊ 8 माह के बच्चें को लेकर घर से बाहर मत निकलना मैने उनका कहना माना लेकिन वह जीवित नही लौटे । बिलखते हुए महिला ने बतलाया कि मुझे नही मालूम था कि मेरे पति अब दोबारा वापस नही आयेगें।

#### शाम में होते ही छा जाता हैं सन्नाटा

ग्रामीणों के अनुसार इस हत्याकांड ने सबके दिल को दहला दिया है लोगों के समझ में ही नहीं आ रहा हैं कि ऐसा कैसे हो गया । जबकि घटना के बाद से ही गांव में दहशत का माहौल हैं शाम होते ही गांव की गलियों में सन्नाटा छा जाता हैं लोग घरों में दुबक जाते हैं।मृतक परिवार की पड़ोस में रहने वाली महिला अमरवती ने बताया कि घटना के बाद से आसपास डर का वातावरण है भय के कारण उसका परिवार भी सहमा हुआ है मृतकों के साथ उसका परिवारिक संबंध था उनकी हत्या के बाद वह काफी घवराई हुई है।

## प्रधान जिला न्यायधीश ने जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

### न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह का शुभारंभ

डिंडौरी



मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशन में एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीशध्अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नीना आशापुर के मार्गदर्शन में विधिक सेवा दिवस के अवसर पर 04 नवंबर से 09 नवंबर तक न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह के अंतर्गत जिला मुख्यालय स्तर पर प्रशासन एवं पुलिस विभाग के सहयोग से विधिक सेवा जागरूकता बाईक रैली के माध्यम से न्यायोत्सवः विधिक सेवा सप्ताह कार्यक्रम का शुभारंभ नीना आशापुरे प्रधान जिला न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा हरी झंडी दिखाकर बाईक रैली को रवाना किया गया।

रैली में पैरालीगल वालेंटियर्स एवं लीगल एड डिफेंस काउंसिल पैनल अधिवक्ता तथा न्यायालयीन विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारीगण तथा एनजीओ एवं स्वयसेवी संगठन सम्मिलित होकर बाईक रैली को नगर भम्रण हेतु रवाना किया गया।

उक्त बाईक रैली नगर के विभिन्न मार्गो से होते हुए पुनः जिला न्यायालय परिसर में समाप्त हुई। शुभारंभ कार्यक्रम में प्रथम जिला न्यायाधीश मुकेश कुमार दांगी , सचिवध्जिला न्यायाधीश शिवकुमार कौशल, तृतीय जिला न्यायाधीश कमलेश कुमार सोनी, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट चंदन सिहं चैहान, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी उत्कर्षराज सोनी, न्यायिक मजिस्ट्रेट मोहसीना खान, न्यायिक मजिस्ट्रेट रिया डेहरिया, यातायात प्रभारी सुभाष उईके, नेहरू युवा केन्द्र आर.पी.कुशवाहा, न्यायालयीन कर्मचारीगण, पैनल लायर्स, पैरालीगल वालेंटियर्स व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## दो बाइकों में भिड़ंत, छह लोग हुए घायल सभी घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में कराया गया भर्ती

*__डिण्डौरी__ - कोतवाली थाना अंतर्गत ग्राम कंचनपुर में रविवार की शाम दो मोटसाईकिल में भिडंत हो गई। हादसे में दोनों बाइक में सवार छह लोग घायल हो गए। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंचे 108 वाहन से सभी घायलों को इलाज के - लिए जिला अस्पताल लाया गया। दोनों पक्ष के बयान के आधार पर चैकी पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है। अस्पताल चैकी पुलिस को दिए बयान में अजय कुमार बरौहा पित्ता हन्नू लाल बरौहा 28 वर्ष निवासी ग्राम सिमरिया ने बताया कि वह रविवार को अपने रिश्ते के भाई उग्रसेन सरैया और सुनील बरौहा के साथ मोटरसाईकिल से ग्राम चांदरानी से वापस अपने गांव सिमरिया आ रहे थे। मोटरसाईकिल अजय चला रहा था। शाम लगभग चार बजे के आसपास ग्राम कंचनपुर के लालीटोला में एक घर के पास पहुंचने पर सामने से आ रहे बाइक सवार ने लापरवाही पूर्वक उनकी मोटरसाईकिल कौ सामने से टक्कर मार दी। तीनों युवक मोटरसाईकिल सहित सडक में गिर कर घायल हो गए। राहगीरों द्वारा उन्हें उठाया गया और 108 एंबुलेंस को फोन कर मौके पर बुलाया। हादसे में अजय को बाएं पैर व बाएं हाथ में चोट आई है। उग्रसेन को भी चोट आई है। सुनील को मामली चोट बताई गई है। इसी तरह दूसरे पक्ष के सचिन कुमार पिता राजकुमार धुर्वे 19 वर्ष निवासी ग्राम कंचनपुर ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि वह जिला मुख्यालय के एक कालेज में बीएससी प्रथम वर्ष में अध्ययनरत है। रविवार को वह अपने दोस्त अभिषेक सैयाम व मयंक कुशराम के साथ अपनी बाइक में अपने घर कंचनपुर से ग्राम तितराही जा रहा था। बाइक सचिन चला रहा था। शाम लगभग चार बजे के आसपास ग्राम कंचनपुर के लालीटोला में एक घर के सामने पहुंचने पर ग्राम तितराही की ओर से आ रहे मोटरसाईकिल चालक ने उनकी बाइक को सामने से टक्कर मार दी।*

### सड़क दुर्घटना में युवक घायल

**डिंडौरी** - कोतवाली अंतर्गत ग्राम कोहका में सडक दुर्घटना में 20 वर्षीय युवक घायल हो गया।

बताया गया कि मनेंद्र कुमार पिता ब्रजलाल यादव निवासी ग्राम कोहका अपने चाचा प्रेमकुमार यादव की बाइक से अकेला अपने गांव के बजरंग मोहल्ला से वापस अपने घर जा रहा था। तभी अचानक बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई।





## प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शाहपुर में लटका ताला मरीज परेशान

**हरिभूमि न्यूज डिंडोरी** - जिले में स्वास्थ्य सेवाएं इतनी लचर हो चुकी हैं की मरीजों को सरकारी स्वास्थ्य सुविधा का लाभ नही मिल पा रहा है और ग्रामींण न चाहते हुए भी झोलाछापों की शरण में जा रहे है। आलम यह है कि ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य सेवायें मुहैया कराने वाली सरकारी संस्थाओं में ताला लटका रहता है। ऐसा ही मामला है शाहपुर कस्बा में नवनिर्मित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का है जहां आए दिन स्वास्थ्य केंद्र की शोभा मुख्य गेट पर लटका ताला बढ़ाता है गौरतलब है कि लाखों रुपए की लागत से कस्बा शाहपुर में 10 बेड के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन का निर्माण ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा देने के उद्देश्य से किया गया था लेकिन उक्त स्वास्थ्य केन्द्र में आए दिन ताला लटका रहता है न स्टाप नर्स का पता होता है और न डॉक्टर का जिसके कारण मरीजों को परेशान होना पड़ता है दीपावली पर्व के शासकीय अवकाश के बाद सभी सरकारी दफ्तरों में सोमवार से कार्य शुरू हो गए लेकिन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शाहपुर में दिन भर ताला लटका रहा और मरीज अपने परिजनों के साथ स्वास्थ्य अमले का इंतजार करते रहे लेकिन घंटो ताला नही खुला जिसके बाद परेशान हो मजबूरी में झोलाछाप की दुकानों के तरफ रूख करने लगे।

## महिला के साथ चार लोगों द्वारा की गई मारपीट

डिंडौरी

*कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत पुरानी डिंडौरी वार्ड नंबर 13 में साउंड सिस्टम बजाने की बात को लेकर विवाद करते हुए एक महिला के साथ चार लोगों द्वारा मारपीट करने का मामला सामने आया है। पुलिस को दिए कथन में मनीषा उम्र 28 साल ने बताया कि एक नवंबर को मेरी छोटी बेटी जूही सोनवानी का जन्मदिन था। मेरा देवर देवेन्द्र जैतवार व मामा अतुल दास बघेल जन्मदिन मनाने घर आये हुये थे।*

*रात करीबन 10:30 बजे घर के अन्दर छोटा साउंड सिस्टम बजा रहे थे। उसी समय भुरसू ऊर्फ कुंवर राठौर एवं उसका भाई पवन राठौर व दो लोग एक राय होकर घर के अन्दर आ गये। डरा धमकाकर रात में गाना क्यों बजा रहे हो कहकर गाली गलौज की।*

*मना करने पर भुरसू ऊर्फ कुंवर राठौर द्वारा मेरे साथ मारपीट की गई, जिससे मुझे पेट एवं दाहिने हाथ की कलाई में चोट व दर्द है। मैं आठ माह की गर्भवती हूं। बीच बचाव पति राज सोनवानी व मामा अतुल दास बघेल द्वारा किया गया।*

*भुरसू ऊर्फ कुंवर राठौर, पवन राठौर एवं अन्य दो लोगों द्वारा गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी गई। चारों लोग मेरे देवर देवेन्द्र जैतवार को मारने के लिये दौडे तो वह बाहर निकलकर कहीं चला गया। महिला की रिपोर्ट पर आरापियों के विरूद्ध अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।*

## बोलेरो वाहन से दो पेटी अवैध शराब की गई जप्त

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी

*कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत अमरकंटक रोड मे ग्राम घानाघाट मे दो पेटी अवैध शराब पुलिस ने पकड़ी है! जानकारी अनुसार मिली सूचना के बाद ग्राम घानाघाट में दबिश दी गई, जहां ग्राम घानाघाट में राधे इटोरिया के घर के पास खड़ी सिलवर कलर की बोलेरो क्रमांक एमपी 10 सीए 0533 के पीछे की तरफ खाकी रंग के दो कार्टुन रखे थे! बुलेरो वाहन मे सवार चार व्यक्ति से नाम पूछने पर अपना नाम क्रमशः विजय जायसवाल पिता रामनरेश उम्र 26 साल निवासी बेलवा रीवा हाल बरगांव थाना गाडासरई, नीलेश प्रसाद बर्मन पिता नारेन्द्र प्रसाद उम्र 24 साल निवासी वीरपुर रीवा हाल बरगांव थाना गाडासरई, सुनील सिंह चंदेल पिता जमीदार उम्र 34 साल निवासी कुंवरी सीधी बरगांव थाना गाडासरई और बजरंगी यादव पिता श्याम सुंदर उम्र 23 साल निवासी सोहदवार चंदोली उत्तरप्रदेश हाल बरगांव थाना गाडासरई बताया! वाहन के पीछे रखे खाकी रंग के कार्टून को खुलवाया गया! प्रत्येक कार्टून में देशी प्लेन मदिरा प्रिंस कम्पनी की 50 पाव प्रत्येक 180 एमएल कीमती 60 रूपये कुल जुमला मात्रा 100 पाव 18 लीटर कीमती 6000 रूपये मिली! शराब रखने के संबंध में दस्तावेज चाहे गये जो कोई दस्तावेज न होना बताया गया। अवैध शराब परिवहन करते पाये जाने पर वाहन मय शराब के मौके पर जप्त किया गया! आरोपियों के विरुद्ध धारा 34 ए आबकारी एक्ट का अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया।*

## सीढ़ी से गिरकर बालिका घायल

**डिण्डौरी**– डिंडौरी वार्ड क्रमांक 11 निवासी दो वर्षीय बालिका सीढ़ी से गिरकर घायल हो गई, जिसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अस्पताल चैकी- पुलिस को राजेश मर्दन 24 वर्ष ने बताया कि रविवार की सुबह लगभग साढे आठ बजे के आसपास उसकी बेटी सोनम घर के आंगन में अकेली खेल रही थी। घर के अन्य लोग रोजमर्रा के कामकाज में लगे थे। सोनम खेलते खेलते घर की सीढी पर चढने लगी। लगभग आठ से दस सीढी चढने के बाद वह अनियंत्रित होकर फिसल गई और सीढी से लुढकते लुढकते आंगन में आँकर गिर गई। बालिका बेहोश हो गई। तत्काल घर के लोग दौडे और उसे उठाकर मोटरसाईकिल से इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। बताया गया कि बालिका को सिर में चोट लगी है।

# पटाखा फोड़ने को लेकर दो समुदायों के बीच मारपीट

## आदिवासी परिवार की शिकायत पर 4 आरोपी गिरफ्तार

### दूसरे पक्ष की रिपोर्ट पर 3 आरोपी पुलिस अभिरक्षा मे पुलिस की सूझबूझ से ताराडांड में स्थिति नियंत्रित व कायम है शांति व्यवस्था





अनूपपुर।

दो पक्षों (भरिया परिवार एवं मुस्लिम परिवार) में पटाखा फोड़ने पर विवाद और मारपीट की घटना की सूचना प्राप्त हुई। थाना कोतवाली क्षेत्रांतर्गत ग्राम ताराडांड में 02 नवंबर की रात्रि लगभग 08:30 बजे दो पक्षों (भरिया परिवार एवं मुस्लिम परिवार) में पटाखा फोटने पर विवाद और मारपीट की घटना की सूचना प्राप्त हुई थी। जिसमें दोनों पक्ष के लोगों घायल हुए थे। जिसकी सूचना प्राप्त होने पर थाना



हरिभूमि
epaper.haribhoomi.com
abalpur Virat Bhoomi.pd

दबंगों ने आदिवासी परिवार के घर मे घुसकर की मारपीट

कोतवाली में मारपीट की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत अपराध क्र. 474/24 एवं 475/24 पंजीबद्ध किया गया है। पुनः मुस्लिम समुदाय के लोगों के द्वारा भरिया समाज के लोगों के घर में घुसकर तोड़फोड़ व लोगों से मारपीट किया गया था जिस पर रामजनम भरिया की रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में अपराध क्र. 476/24 पंजीबद्ध किया जाकर सुसंगत धाराओं 307 हत्या का प्रयास एवं एसटी/एससी एक्ट एवं विभिन्न धाराओं के तहत कार्यवाही की गयी है। उक्त प्रकरण हिन्दु एवं मस्लिम दो समुदायों से संबंधित होने के कारण अत्यंत संवेदनषील एवं गंभीर प्रकृति का था जिस पर पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती उर रहमान के द्वारा गंभीरता से लेते हुए अति. पुलिस अधीक्षक अनूपपुर एवं एसडीओपी अनूपपुर के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर आरोपियों को त्वरित गिरफ्तार करने के निर्देश दिए।

#### दोनों पक्षों के 7 आरोपियों की हुई गिरफ्तारी

पुलिस अधीक्षक की विशेष टीम के द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए भरिया पक्ष की रिपोर्ट के आधार पर अभी तक 04 अरोपियों वाहिद अली पिता जमुरुद्दीन अली उम्र 24 वर्ष, शाहिल, शाबिर एवं फैज सभी निवासी ग्राम ताराडांड को गिरफ्तार किया गया है। तथा 02 आरोपी जमरुद्दीन खान उम्र 56 वर्ष एवं कादिर खान पिता जमरुद्दीन खान उम्र 35 वर्ष निवासी ताराडांड दोनों की चोट ज्यादा होने के कारण मेडिकल कालेज शहडोल में उपचार हेतु भर्ती है। इसी प्रकार दूसरे पक्ष के रिपोर्ट के आधार पर 03 आरोपियों दिनेश पिता रामजनम भरिया, राजा पिता प्रेम भरिया, राहुल पिता रामकृत भरिया को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया है। उक्त आरोपियों का माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जाएगा तथा दोनों पक्षों को शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु बाउण्ड ओवर की कार्यवाही भी की जा रही है। वर्तमान में ग्राम ताराडांड में स्थिति नियंत्रित है एवं शांति व्यवस्था कायम है।

#### मंत्रीद्वय ने दिये कार्यवाही के निर्देश

आदिवासी परिवार पर सामूहिक रूप से एक विशेष समुदाय के दबंगों द्वारा 2 नवंबर को किए गए हमले मारपीट लूटपाट की घटना को भाजपा के नेताओं ने संज्ञान लिया है और मध्य प्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग मंत्री स्वतंत्र प्रभार दिलीप जायसवाल, मध्य प्रदेश शासन के वन पर्यावरण मंत्री जिले के प्रभारी मंत्री दिलीप अहिरवार तथा भाजपा जिला अध्यक्ष रामदासपुरी ने घटना की



जानकारी लगते ही जिले के वरिष्ठ अधिकारियों से बातचीत करते हुए मामले में तत्काल दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। मंत्री दिलीप जायसवाल ने पुलिस कप्तान एवं कलेक्टर से बात की और कहा कि इस तरह की हरकत कभी हमारे जिले में नहीं हुई है जिन लोगों ने त्योहार के वातावरण को दूषित करने का प्रयास किया है उन्हें कठोर सजा मिलनी चाहिए और भविष्य में इस तरह की घटना दोबारा ना हो इसकी चिंता की जाए वहीं घटना में घायल पीड़ति से मिलने के लिए भाजपा जिला अध्यक्ष रामदास पुरी ने चिकित्सालय पहुंचकर उनका हाल-चाल जाना और उन्हें भरोसा दिया कि किसी भी दोषी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा। ऐसे लोगों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी जो समाज में माहौल को खराब करने का कार्य करते हैं।

## खबर संक्षेप

### भाजपा संगठन पर्व कार्यशाला का आयोजन आज



**नरसिंहपुर।** भारतीय जनता पार्टी संगठन चुनाव के मद्देनजर जिला भाजपा कार्यालय नरसिंहपुर में संगठन पर्व कार्यशाला का आयोजन आज 5 नवंबर को दोपहर 2 बजे किया जायेगा। से भोपाल सांसद व जिला संगठन चुनाव प्रभारी आलोक शर्मा व सक्रिय सदस्यता अभियान जिला प्रभारी जोधा सिंह अटवाल की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित की जा रही है। इस अवसर पर संबंधित पदाधिकारियो व पार्टी जनो से उपस्थिति की अपील जिलाध्यक्ष इंजी. अभिलाष मिश्रा द्वारा की गई है।

### गमछे से किशोर ने लगाई फांसी

**नरसिंहपुर।** गत दिवस थाना क्षेत्र मुंगवानी के ग्राम पिठेरा निवासी 15 वर्षीय किशोर ने घर पर फांसी लगा ली । मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पिठेरा निवासी सुरेंद्र पिता सुंदर लाल ठाकुर उम्र 15 वर्ष द्वारा अपने ही घर पर गमछे से फांसी लगा ली। घटना के समय घर पर कोई नही था सभी लोग खेत पर काम करने के लिये गये हुये थे जिसकी जानकारी पुलिस को दी गई पुलिस ने मर्ग प्रकरण तैयार शव का परीक्षण कराकर परिजनों को सौंप दिया।

### स्मैक कारोबार के खिलाफ ज्ञापन आज

**नरसिंहपुर।** जिले में स्मैक जैसे घातक नशे के कारोबार को लेकर हर वर्ग चिंतित है युवाओं में बढ़ते नशे की प्रवृत्ति बेहद चिंता का विषय बन गई है। उक्त बात सुभाष पार्क में आयोजित बैठक में अनेक लोगों ने कही। बैठक में आक्रोश व्यक्त किया गया कि जिस प्रकार की कार्रवाई पुलिस प्रशासन को करना चाहिए उस प्रकार की कार्रवाई नहीं की जा रही और जिले के कुछ भागों में पुलिस का संरक्षण नशे की कारोबारियों को प्राप्त है। बैठक में निर्णय लिया गया कि दलगत राजनीति से ऊपर उठकर सभी इसका विरोध करेंगे और 5 नवंबर को दोपहर 1 बजे सुभाष पार्क पर सभी एकत्रित होकर पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपेंगे और लगातार क्रमबद्ध तरीके से नशे के कारोबार का विरोध किया जाएगा। लोगों ने यह भी कहा कि सभी को आगे आना चाहिए क्योंकि ना जाने कब किस परिवार का कौन सदस्य नशे की चपेट में आ जाए । अतः सभी की फर्ज है कि भी इस दिशा में आगे आए।

### सड़क दुर्घटना में दो घायल

**नरसिंहपुर।** गत दिवस थाना क्षेत्र कोतवाली निवासी दो लोग सड़क दुर्घटना मे घायल हो गये। मिली जानकारी के अनुसार दीपक पिता छतर रैकवार 24 वर्ष एवं सोनू नौरिया नानू 39 वर्ष घूमने के लिये गये हुये थे तभी लोकीपार के पास बाइक अनियंत्रित हो गई जिससे दोनो घायल गये जिन्हे 108 से उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर उपचार किया जा रहा है।

### सफाई कर्मियों ने दिया आवेदन

**नरसिंहपुर।** गत दिवस जिला चिकित्सालय में कार्यरत सफाई कर्मचारियों द्वारा अपनी समस्याओं को सिविल सर्जन को आवेदन दिया गया। आवेदन मे बताया गया कि ठेकेदार द्वारा दीपावली के त्यौहार पर ठेकेदार द्वारा वेतन नही दिया गया और ना ही आठ माह से पीएफ काटा जा रहा है। ऐसी अनेको समस्याएं जिनके निदान हेतु आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की गई है।

### युवक ने खाया जहर

**नरसिंहपुर ।** विगत दिवस थाना क्षेत्र सुआतला निवासी युवक द्वारा जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया गया। मिली जानकारी के अनुसार अनिल पिता मोहन रजक उम्र 27 वर्ष निवासी केरपानी थाना सुआतला द्वारा अपने घर अज्ञात कारणों से जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया गया जिसे परिजनों द्वारा उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर उपचार जारी है।

# विधायक ने किया खरीदी केन्द्र का शुभारंभ

## सोयाबीन फसल की समर्थन मूल्य पर होगी खरीदी

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

गत दिवस गोटेगांव विधायक महेन्द्र नागेश की मौजूदगी में क्षेत्र के एसडब्ल्यूसी केन्द्र में गोटेगांव में सोयाबीन खरीदी 2024 का शुभारंभ सोमवार को किया गया। शुभारंभ कार्यक्रम में अतिथियों ने सोयाबीन उपार्जन के लिए आये किसानों का स्वागत किया। इस मौके पर अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी- कर्मचारी और किसान मौजूद थे। ज्ञात हो कि सरकार द्वारा किसानों की उपज सोयाबीन को उपज समर्थन मूल्य पर खरीदी किया जा रहा है।






### 31 दिसम्बर तक होगा उपार्जन

उल्लेखनीय है कि राज्य शासन के किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा खरीफ वर्ष 2024 (विपणन वर्ष 2024- 25) में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर सोयाबीन उपार्जन नीति जारी की गई है। प्राईस स्पोर्ट स्क्रीम योजना के अंतर्गत ई-उपार्जन पोर्टल पर सोयाबीन उपार्जन का कार्य 31 दिसम्बर 2024 तक की अवधि में किया जायेगा। शासन द्वारा सोयाबीन फसल के लिए 4 हजार 892 रुपये प्रति क्विंटल न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित किया है। जिले के 7 हजार 553 किसानों ने अपना पंजीयन कराया है।

### इन केंद्रों मे होगी खरीदी

नरसिंहपुर तहसील के अंतर्गत सेन्ट्रल वेयर हाउस- सीडब्ल्यूसी कठौतिया संस्था- सेवा सहकारी समिति डांगीढाना, वृंदावन पंडा वेयरहाउस नयागांव संस्था- सेवा सहकारी समिति सिवनी बंधा, तेन्दूखेड़ा तहसील के अंतर्गत श्री मॉ वेयरहाउस लोलरी संस्था- सेवा सहकारी समिति मुर्गाखेड़ा, हरसिद्धि वेयरहाउस बिलहरा संस्था- सेवा सहकारी समिति बिलहेरा- अमलताश एण्ड कंपनी रमपुरा संस्था- सेवा सहकारी समिति ढिलवार, करेली तहसील के अंतर्गत 3 एबीसी करेली बस्ती संस्था- विपणन समिति खुलरी, गोटेगांव तहसील के अंतर्गत स्वीनिर्मित सीडब्ल्यूसी गोदाम गोटेगांव संस्था- सेवा सहकारी समिति मेख, गाडरवारा तहसील के अंतर्गत पाली वेयरहाउस बीतली संस्था- सेवा सहकारी समिति शाहपुर, एमपीडब्ल्यूएलसी गाडरवारा कैम्पस गाडरवारा संस्था- विपणन समिति गाडरवारा, गुरूकृपा वेयरहाउस बटेसरा संस्था- विपणन समिति चीचली, बड़कुर वेयरहाउस सिंहपुर छोटा संस्था- सेवा सहकारी समिति बसुरिया, अंजली वेयरहाउस नांदनेर संस्था पूजा शक्ति महिला फार्मर प्रोडयूर कंपनी करेली, कृष्णा वेयर हाउस चिरहकला संस्था- सेवा सहकारी समिति करपगांव, सांईखेड़ा तहसील के अंतर्गत चैधरी वेयर हाउस रम्पुरा संस्था- सेवा सहकारी समिति सासबहू के गोदाम स्तरीय उपार्जन केन्द्रों में सोयाबीन फसल का उपार्जन कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। जिले के किसानों से अपील की गई है कि उक्त उपार्जन केन्द्रों में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर अपनी सोयाबीन उपज को विक्रय कर सकते हैं।

# विधिक सेवा दिवस के तहत जागरूकता रैली का आयोजन

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।



गत दिवस न्यायाधिपति म.प्र.उच्च न्यायालय के आदेशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नरसिंहपुर कमल जोशी के मार्गदर्शन में विधिक सेवा दिवस के उपलक्ष्य में 4 नवंबर से 9 नवंबर तक न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह अंतर्गत विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। प्रथम दिवस विधिक सेवा सप्ताह का शुभारंभ बाइक रैली न्याय संकल्प यात्रा से किया गया । कमल जोशी, प्रधान जिला न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नरसिंहपुर, विशेष न्यायाधीश राजीव के. पॉल, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण वैभव सक्सेना, अध्यक्ष जिला अधिवक्ता संघ मुकेश शर्मा द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। बाइक रैली जिला न्यायालय परिसर से होते हुए सुभाष पार्क चौराहा, जिला चिकित्सालय, गांधी चौक, कलेक्टर निवास, कोतवाली थाना, कुटुम्ब न्यायालय होते हुये एडीआर सेंटर में समाप्त हुई। रैली में लीगल एड डिफेंस काउंसिल, पुलिस विभाग, पैरालीगल वालेंटियर, विधि महाविद्यालय के छात्र छात्राएं, स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधि एवं विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा सहभागिता की गई। केंद्रीय जेल नरसिंहपुर में प्रधान जिला न्यायाधीश की अध्यक्षता में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन हुआ। जिसके अंतर्गत जेल में निरुद्ध बंदियों को उनके अधिकारों एवं प्रदत्त विधिक सहायता मामले के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण वैभव सक्सेना द्वारा बंदियों के लिए प्राधिकरण द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी गई।

# सत्संग से होता है कल्याण: कथा व्यास

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।



स्थानीय गल्ला मंडी के पास श्रीमद भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन बसंत वर्मा, अमित वर्मा एवं वर्मा परिवार द्वारा कराया जा रहा है। कथा व्यास पंडित अजय शास्त्री जी महाराज वृंदावन वालों द्वारा भक्तों को भगवान की कथा का रसपान कराया जा रहा है। महाराज श्री द्वारा बताया गया कि प्राणी मात्र को सदैव सत्संग करना चाहिए सत्संग पारसमणि का खजाना होता है सत्संग से जीवन संभल जाता है मनुष्य जीवन में चार प्रकार की चिकित्सा है शरीर मन बुद्धि और आत्मा अर्थात आत्मा की चिकित्सा से ही व्यक्ति भवसागर पार हो सकता है और आत्मा की चिकित्सा सत्संगी ही है अर्थात भागवत का अर्थ होता है भागवत हम भगवान के हो जाएं और भगवान की जब होंगे जब हम सत्संग करेंगे सत्संग से ज्ञान होगा ज्ञान से हृदय में भक्ति का प्रकट होगा और भक्ति होगी तो हम परमात्मा का भजन करेंगे और भजन रूपी नौका का आश्रय लेकर के भवसागर पार हो गए इसलिए सभी धर्म अनुरागियों से निवेदन है सत्संग पारसमणि का खजाना है प्राणी मात्र को मनुष्य मात्र को सदैव भगवत स्मरण करना चाहिए।




# दो दिवसीय पेंशनर शिविर का शुभारंभ

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस भारतीय स्टेट बैंक मुख्य शाखा नरसिंहपुर में दो दिवसीय पेंशनर शिविर का शुभारंभ शुभम श्रीवास्तव ब्रांच मैनेजर द्वारा एस के चतुर्वेदी कार्यवाहक प्रांतीय अध्यक्ष सह जिला अध्यक्ष मप्र पेंशनर्स समाज नरसिंहपुर, शिवकुमार पटेल कार्यवाहक जिला अध्यक्ष, विजय दुबे जिला सचिव, घनश्याम कुरील जिला कोषाध्यक्ष सहित सभी पदाधिकारियों की विशेष उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर बैंक स्टाफ द्वारा उपस्थित पेंशनर साथियों के जीवन प्रमाण पत्र जमा कराए गए। ब्रांच मैनेजर ने बताया कि यह दो दिवसीय पेंशनर शिविर में पेंशनर के जीवन प्रमाण पत्र जमा कराए जाएंगे। इस अवसर पर मप्र पेंशनर्स समाज द्वारा किए जा रहे सहयोग की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया गया।

# विद्युत कर्मचारियों ने अधिकारियों के समक्ष रखी समस्यायें

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।



गत दिवस म, प्र, पूर्व क्षेत्र विद्युत कर्मचारी जनता यूनियन द्वारा वृत्त स्तर की उठाई। कर्मचारियों की समस्या सुनवाई में अधीक्षण अभियंता अमित चैहान द्वारा वृत्त स्तर की कर्मचारी समस्याएं सूची वद्ध कराकर लिपिक को पत्राचार करने एवं उच्च कार्यालय से आज ही सभी समस्याओं पर कार्रवाई कर पूर्ति कराने निर्देशित किया गया। शेष नरसिंहपुर संभाग की बड़ी संख्या में लंबित समस्याओं के निपटारे हेतु स्वयं अधीक्षण अभियंता द्वारा संभाग कार्यालय में 11 नवबंर को को कार्यपालन अभियंता और जनता यूनियन के साथ बैठक कर हल कराने का आश्वासन दिया गया। द्विपक्षीय चर्चा सौहार्दपूर्ण वार्ता के लिए अधीक्षण अभियंता का ओ पी सोनी ने आभार व्यक्त किया। बैठक में वृत्त से विजय नेमा एवं जनता यूनियन की ओर से महेंद्र सिंह चौहान, रमेश श्रीवास्तव, गोविंद सोनी, शोभाराम चैधरी शंकर लाल साहू, राम प्रसाद कहार उपस्थित रहे।

# गोहचर पहुंच मार्ग कच्चा, आवागमन में बनी परेशानी



हरिभूमि न्यूज गोटेगांव

तहसील के अंतर्गत नरसिंहपुर रोड से गोटेगांव आने वाली ओबीसी रोड से ग्राम पंचायत गोंहचर करीब डेढ़ किलोमीटर अंदर स्थित है इस रोड के किनारे ग्राम पंचायत के द्वारा गोंहचर गांव का गेट भी निर्मित करवाया है। इस ओबीसी रोड से गोंहचर जाने वाली कच्ची सड़क को अभी तक किसी ने भी निर्मित नहीं कराया है। जिसके कारण बारिश के मौसम में सड़क पूरी तरह से खराब हो जाती है, जगह-जगह पर सड़क के गड्ढों में बारिश का पानी भर जाता है इस गांव के पहले रेलवे विभाग का ब्रिज है इसके नीचे से लोग पैदल एवं बाइक से निकल कर गांव में पहुंचते हैं वर्तमान समय में जिला फाटक पर ओवर ब्रिज के निर्माण के कारण बाइक चालक गोंहचर गांव होकर ओबीसी रोड से होते हुए नरसिंहपुर एवं अन्य गांव की ओर जाते है। लबे समय से ओबीसी रोड से गोंहचर रोड का निर्माण कार्य नहीं किया जा रहा है। जिसके कारण इस मार्ग से निकलने वाले लोगों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। वहीं रेलवे के ब्रिज के नीचे पानी भरा होने के बाद भी बाइक चालक अपने वाहन को निकाल कर गंतव्य की ओर रवाना होते हैं।वर्तमान समय में दिघारी रोड से गोंहचर जाने के लिए सड़क का निर्माण किया गया है। परंतु इस रोड़ का निर्माण कार्य भी घटिया सामग्री से किया गया है जो जगह-जगह से क्षतिग्रस्त हो गया है, वहीं ओबीसी रोड से गोंहचर रोड का निर्माण अभी तक नहीं किया गया है। इस गोहचर गांव से पौनिया गांव जाने वाले रास्ते पर भी पक्की सड़क नहीं बन पाई है। जिसके कारण यह रास्ता बारिश के मौसम में पूरी तरह से दलदल में तब्दील हो जाता है। गांव के लोगों ने बताया कि पौनिया, डुंगरिया गांव के लोग उक्त मार्ग का इस्तेमाल करके गोटेगांव आते हैं यदि इस मार्ग का भी निर्माण कर दिया जाए तो गांव के लोगों को बहुत सहूलियत हो सकती है। ओबीसी रोड से पौनिया गांव जाने वाली रोड का भूमि पूजन भी हो चुका है। इसके बाद भी इस सड़क का निर्माण कार्य नहीं हो पा रहा है। यह मार्ग रेलवे फाटक तक बहुत ही खतरनाक हो जाता है दो पहिया वाहन चलाना भी मुश्किल हो जाता है। इस मार्ग के लिए गांव के लोगों ने बोट का भी बहिष्कार किया था लेकिन इस दिशा में अभी किसी प्रकार का कार्य तक प्रारभ नहीं हुआ है।

# दुकान पर धड़ल्ले से बिक रही एक्सपायरी डेट की खाद्य सामग्री, खाद्य विभाग मौन, कार्यवाही करेगा कौन

**गोटेगांव** -गोटेगांव तहसील के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में इस समय किराना दुकानों पर एक्सपायरी डेट की खाद्य सामग्री खुलेआम बेखौफ होकर बेची जा रही है भले ही इस एक्सपायरी डेट की खाद्य सामग्री का इस्तेमाल करने से आम नागरिक बीमार पड़ जाए या उनके स्वास्थ्य पर गभीर बुरा असर पड़े इससे दुकानदारों को कोई सरोकार नहीं रहता है, ऐसे किराना दुकानदार एक्सपायरी डेट का समान बेचकर मोटा मुनाफा कमाना जानते हैं। एक्सपायरी डेट की खाद्य सामग्री का इस्तेमाल अगर खाना बनाने में किया जाता है तो उस पके हुए खाने को खाने से नागरिकों के स्वास्थ्य पर विपरीत असर डालती है और और उस भोजन को खाने वाले व्यक्ति को अस्पताल में भी भर्ती होना पड़ता है उसके स्वास्थ्य जीवन पर भी खतरा हो जाता है एवं गंभीर रूप से बीमार भी हो सकता हैं।बात करें खाद्य विभाग की तो खाद्य विभाग के अधिकारी ईद के चांद की तरह कभी कभार अपने आलीशान चैंबरों से बाहर निकलते हैं और खानापूर्ति करने के उद्देश्य से यह कागजों में ही मात्रा खानापूर्ति कर अपने कर्तव्य का निर्वहन कर लेते हैं।खाद्य विभाग के अधिकारी शहरी क्षेत्र में तो साल में दो या तीन बार देखने सुनने के लिए कई दुकानों के नमूने उठाकर जांच कर लेते हैं,और मामले को



रफा दफा कर देते हैं। ऐसे दुकानदारों के ऊपर खाद्य विभाग के अधिकारियों द्वारा कड़ी कार्रवाई ना होने से इनके हौसले बुलंद रहते हैं और यह आए दिन आम जनों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करते हुए नजर आते हैं, वही एक्सपायरी डेट का सामान बेचने वाले दुकानदारों के ऊपर खाद्य विभाग के अधिकारियों का आशीर्वाद किस वजह से बना हुआ है यह तो विभाग ही अच्छे से बता सकते हैं,*खाद्य विभाग के द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में नहीं की जाती सामग्री की जांच*प्रया ग्रामीण अंचलों में स्थित किराना दुकानों पर खाद्य विभाग की कार्यवाही नहीं की जातीजिससे ग्रामीण क्षेत्र में एक्सपायरी डेट की खाद्य सामग्री बिना डर बेची जा रही है ताजा मामला ग्राम पंचायत लाठगांव के एक किराना दुकान का है जिस दुकान में एक्सपायरी डेट की खाद्य सामग्री बेची जा रही है, गौरतलब हो खाद्य सामग्री के पैकेटों पर उत्पादन करने की तिथि साफ तौर पर अंकित है लेकिन इसकी एक्सपायरी डेट की तारीख पैकेट से मिटा दी गई है जिससे नागरिक आसानी से भ्रमित होकर एक्सपायरी डेट की सामग्री इस्तेमाल कर लेते हैं। इस दुकान संचालक का कारनामा जानकर आप हैरान हो जाएंगे यहां पर मिलने वाला आटा पैकेट, मिर्ची पाउडर, मसाला पाउडर,जीरा आदि सामग्री की एक्सपायरी डेट निकल चुकी है परंतु इन पैकेटों से एक्सपायरी डेट को चालाकी से मिटा दिया है, जबकि इन पैकेटों पर उत्पादन तिथि के बाद 6 माह,किसी 2 माह एवं 12 माह तक इस्तेमाल करने की अवधि लिखी हुई है, इस अवधि के बाद पैकटों का इस्तेमाल करना स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है। विगत दिवस कुछ युवको ने उक्त किराना दुकान से खाद्य सामान खरीदा था युवकों ने है बताया कि हमने लाठगांव के महाराज किराना दुकान से 21 सौ रुपए का सामान खरीद था जिसमें आटा,मिर्च पाउडर, धनिया, जीरा,मसाला पाउडर सहित अन्य सामग्री खरीदी थी जिसमें धनिया, मिर्च पाउडर,मसाला पाउडर के इस्तेमाल करने की तारीख निकल चुकी थी, युवकों ने बताया खाना बनाने के लिए जब यह पैकेट खोल तो मिर्ची पाउडर में कीड़े पड़े हुए थे।